हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 19 जुलाई 2025

[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 जनसामान्य को शासकीय योजनाओं और सेवाओं का...



08 पुलिस लाठीचार्ज की न्यायिक जांच व दोषियों के...



## खबर संक्षेप

### 24 एवं 25 को होगा कैंप का आयोजन

**नर्मदापुरम।** मप्र शासन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार कार्यालय द्वारा निजि क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 24 जुलाई को माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर एवं 25 जुलाई 2025 को शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया में रोजगार कैंप का आयोजन किया जाएगा।

### 22 जुलाई को आयोजित होगी बैठक

**नर्मदापुरम।** प्रदेश के साथ-साथ नर्मदापुरम जिले में स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान 22 जुलाई से 16 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में 22 जुलाई को कलेक्टर कार्यालय के रेवा कक्ष में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक आयोजित की जाएगी।

### जिले में अब तक 597 मिमी वर्षा दर्ज

**नर्मदापुरम।** जिले में 18 जुलाई तक 597.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 264.0 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी।

## कलेक्टर ने की नागद्वारी मेले की तैयारियों की समीक्षा

# पचमढ़ी में धार्मिक आस्था का संगम प्रसिद्ध नागद्वारी मेला आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पचमढ़ी में 10 दिन तक चलने वाले मेले का 29 जुलाई को होगा समापन। 10 दिन तक चलने वाले इस मेले में देशभर से श्रद्धालु पचमढ़ी पहुंचकर नागद्वार गुफा मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन करते हैं। मेले के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर एक बिंदु के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई है। पूरे मेला क्षेत्र में पुलिस बल के साथ-साथ होमगार्ड की टीम, स्वास्थ्य विभाग का अमला, प्रशासनिक अधिकारियों की टीम निरंतर मॉनिटरिंग के लिए उपस्थिति रहेगी। मेले के लिए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को भी इस वर्ष विस्तार किया गया है जिसमें संख्या के मान से अधिक संख्या में वाहन पार्किंग की जा सकेगी।

जिले के सुप्रसिद्ध नागद्वारी मेले के आयोजन के लिए कलेक्टर सोनिया मीना ने समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



### कलेक्टर ने की मेले की तैयारियों की बैठक

उक्त संबध में शुक्रवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने नागद्धारी मेले की तैयारी की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक के दौरान मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नागद्धारी मंदिर पहुंच मार्ग में लगी लोहे की सीढ़ियों की मरम्मत सुनिश्चित कर ली जाए। साथ ही सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था की जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पूरे मेला क्षेत्र में चलित शौचायलयों की भी पर्याप्त संख्या तैनात रहे।

### व्यवस्था बनाने के दिए निर्देश

मेले के दौरान भीड़ प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था की जाए। मंदिर में प्रवेश एवं निकासी के अलग-अलग द्वार पूर्व नियोजित कर लिए जाएं। प्रत्येक प्वाइंट पर ड्यूटी में संलग्न कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी एक पॉइंट पर ज्यादा समय तक भीड़ जमा न हो। उन्होंने कहा कि पुलिस होम गार्ड तथा अन्य वॉलंटियर्स जिनकी मेले में ड्यूटी लगाई गई है। वहीं कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में कचरा प्रबंधन की उचित कार्य योजना तैयार की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जगह-जगह पर गार्बेज कलेक्शन प्वाइंट बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक भी करें। मेले में आरटीओ यह सुनिश्चित करें कि भारी वाहनों का मेला अवधि तक मेला क्षेत्र में प्रवेश निषेध रहे। कलेक्टर ने कहा कि छिंदवाड़ा तथा पचमढ़ी से लगे हुए जिलों से चर्चा कर वहां से आने वाले भारी वाहनों के लिए भी रूट प्लान तैयार रखें। छिंदवाड़ा जिले से संपर्क कर स्वास्थ्य एवं चिकित्सालयीन व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक कार्यवाही भी की जाए।

### किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने तैयारी करें

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि किसी भी अप्रिय स्थिति में उपस्थित अधिकारी की त्वरित प्रक्रिया अत्यंत आवश्यक है। संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर स्थिति को सामान्य करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग आपसी सहयोग एवं समन्वय से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले का सफल संचालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मेला ड्यूटी में संलग्न सभी विभागीय अधिकारी श्रद्धालुओं की सुविधा एवं आवागमन में उनकी सहायता करें।

## बोलेरो और बाइक की जोरदार टक्कर, मौके पर दो की मौत

### बोलेरो वाहन चालक फरार, तलाश जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे नवनिर्मित नर्मदा पुल स्थित हनुमान मंदिर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें बोलेरो और बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक युवक और एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की भयावहता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि बाइक बोलेरो में बुरी तरह फंस गई और दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक उम्र लगभग 25 वर्ष और युवती उम्र लगभग 20–25 वर्ष ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के तुरंत बाद बोलेरो चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शवों को जिला अस्पताल नर्मदापुरम भेजा, जहां मृतकों के परिवार जनों की खोज की जा रही है।

बोलेरो के नंबर एमपी 04सीके7439 के आधार पर पुलिस ने वाहन मालिक की जानकारी जुटाना शुरू कर दी है और फरार चालक की तलाश जारी है। मृतकों की पहचान नहीं हुई है।

## जिपं सीईओ द्वारा प्रगति लाने के दिए गए सख्त निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिपं सीईओ सोजन सिंह रावत द्वारा शुक्रवार को जपं बनखेड़ी में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई सीईओ जिला पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री आवास मनरेगा एक बगिया मां के नाम स्वच्छ भारत मिशन आदि योजनाओं व अभियान की समीक्षा की गई एवं योजनाओं मे प्रगति के निर्देश दिए गये मनरेगा योजना अंतर्गत खेत तालाब कूप रिचार्ज कार्य जो जलगंगा अभियान मे लिए गये थे की पूर्णता के निर्देश दिए।

## समेरिटन्स स्कूल के सात एनसीसी कैडेट्स थल सेना कैंप में भोपाल का करेंगे प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

13 एमपी बटालियन के कमान अधिकारी के निर्देशन में भोपाल में 10 जुलाई से आयोजित थल सेना कैंप प्रशिक्षण में समेरिटंस विद्यालय के चार कैडेट्स शामिल होंगे। ज्ञात रहे कि नर्मदापुरम के 10 केडिट्स इस शिविर में शामिल होंगे। कैडेट्स को हर तरह की सैन्य प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह शिवि ग्वालियर में 18 जुलाई से 28 जुलाई 25 तक लगेगा। थल सेना शिविर में समेरिटंस के होनहार एनसीसी कैडेट्स निहाल अहिरवार, केशव श्रीवास्तव, युवराज यादव, वत्सल पांडे शामिल होंगे। ये सभी कैडेट्स हवलदार अनिल कुमार के साथ शुक्रवार को रवाना हुए संस्था निर्देशक डा आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत ने बताया कि ये कैडेट्स की कड़ी मेहनतका परिणाम है। सेकेंड अफसर विजय प्रकाश



श्रीवास्तव ने बताया कि इसमें 13 एमपी बटालियन के नायब सूबेदार रामवतार सिंह एवं साथी पी आई स्टाफ का काफी योगदान है।पिछले वर्षों की तरह फिर संस्था का नाम एनसीसी केडिट्स द्वारा ऊंचा करने पर एवं उनकी उपलब्धि पर संस्था के एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार यादव, एनसीसी अधिकारी स्नेहा उपाध्याय, उप प्राचार्य आर के रघुवंशी ने केडेट्सों को बधाई दी।

## नगर पालिका परिषद ने शुरू की सड़क से आवारा मवेशियों को हटाने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगरीय क्षेत्र में आवारा घूमने वाले पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस, गौशाला में भिजवाने की कार्रवाई नगरपालिका द्वारा की जा रही है। नगरीय क्षेत्र में लगातार मुनादी कराई जा रही है तथा अपने पशुओं को बांधकर रखने को कहा जा रहा है।

हाका दल प्रभारी गगन सोनी ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में समस्त गौवंश, सुअर, कुत्ते एवं गधे मालिकों को सूचित किया जाता है



कि उनके द्वारा घर से छोड़ने जाने के उपरांत गौवंश नगरीय क्षेत्र के प्रमुख चौक चौराहों, मुख्य मार्गों पर विचरण कर रहे हैं। जिनके कारण समय समय पर होने वाली दुर्घटनाओं, यातायात प्रभावित होने के कारण नगरपालिका के हाका दल द्वारा समस्त आवारा गौ-वंश को पकड़कर कांजी हाउस एवं गौशाला में भिजवाने की कार्रवाई की जा रही है तथा पशु मालिकों पर भी चलानी कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही साथ नगरीय क्षेत्र के वार्डों में भी सुअर, कुत्ते एवं गधे आवारा विचरण करते पाए जा रहे हैं जिससे वार्डों में गंदगी व्याप्त हो रही है। ऐसे समस्त सुअर मालिकों, गधे मालिकों तथा कुत्ते मालिकों से अनुरोध है कि वे अपने पालतू जानवर अपने बाड़े में ही रखें। अन्यथा संबंधितों के विरूद्ध शासन के निर्देशानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित पशु मालिकों का होगा।

## संभागीय संयुक्त संचालक ने ली शिक्षा विभाग की बैठक, अफसरों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संभागीय संयुक्त संचालक लोकशिक्षण नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम डॉ. मनीष वर्मा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग जिला की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, बैठक में कक्षा 1 से 12 तक विद्यार्थियों का शत प्रतिशत नामांकन करने का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया साथ ही निर्देशित किया कि विद्यार्थी कक्षा 1 से 12 तक ड्रॉप आउट नहीं हो एक सप्ताह की अवधि में 3.0 पोर्टल पर नामांकन पूर्ण किया जाए। विद्यार्थियों की प्रोफाइल 100% अपडेट होना चाहिए, पुस्तकों



का 100प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कर विमर्श पर वितरण संख्या अपलोड करे, साइकिलों का वितरण पात्र छात्रों को अति शीघ्र कराया जाए सभी शिक्षक एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर विद्यालयों में उपस्थित हो, प्रार्थना का समय अधिकतम 20 मिनट रखा जाए। जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, सहायक संचालक, एडीपीसी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, जनशिक्षक लक्ष्यानुरूप सतत विद्यालयों की मॉनिटरिंग करें। प्रत्येक शाला में टाइम टेबल कक्षा बार और शिक्षक बार अनिवार्य रूप से बनाया जाए। कक्षा शिक्षण टाईम टेबल अनुसार शिक्षक कक्षा में जावे।

## इलेक्ट्रिक दुकान से सामान चुराने वाले चोर गिरफ्तार

### मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में पिछले दिनों सेंट पैट्रिक्स स्कूल के सामने साहिल पिता सुरेश पठारिया निवासी ग्राम लांघा बम्होरी की दुकान में अज्ञात चोरों ने चोरी की थी। मामले में फरियादी की रिपोर्ट पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा है।

सोहागपुर टीआई ऊषा मराठी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट अनुसार उसकी दुकान से चोरों ने इलेक्ट्रॉनिक सामान जिसमें एलइडी बॉक्स, एंड्राइड टच स्क्रीन, इनवर्टर बैट्री व स्पीकर हॉर्न कुल कीमती एक लाख 60 हजार रुपए की चोरी की थी। रिपोर्ट पर चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया था। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर अभिषेक पिता महेश विश्वकर्मा निवासी पलाश परिसर सोहागपुर एवं अभिमन्यु पिता सुंदर ठाकुर निवासी रामगंज वार्ड सोहागपुर को अभिरक्षा में लिया गया। दोनों से चोरी से संबंधित पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल किया। दोनों से चोरी किया एक लाख 60 हजार रुपए का माल बरामद किया गया है। उक्त प्रकरण को सुलझाने में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार एसआई मुकेश सोनी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र वर्मा, नरेंद्र पटेल आदि की अहम भूमिका रही।

## एनसीसी कैडेट्स और स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान, दिया जनजागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ रामकुमार चौकसे के निर्देशन में तथा एनसीसी और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में हरियाली पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया।

जिसमें एनसीसी कैडेट्स और स्वयंसेवको बड़े स्तर पर खेल ग्राउंड में गाजर घास जैसे अनेक प्रकार के खरपतवारों से ग्राउंड को मुक्त कर स्वच्छता की पहल को साकार किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने प्राध्यापकों, कैडेट्स तथा





स्वयंसेवकों को स्वच्छता की सफाई दिलाई और कहा कि इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों के अंदर श्रम के प्रति सम्मान की भावना मजबूत होती है। छात्रों को श्रम का क्या महत्व है समझने के लिए इस प्रकार की गतिविधियां होना अति आवश्यक है। जिससे विद्यार्थियों के अंदर अपने काम करने की भावना बलवती हो सके। विद्यार्थी अपने जीवन में कम से कम अपने आसपास के वातावरण और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका को अदा कर सकें ।इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ कमल वाधवा, डॉ रवि उपाध्याय, डॉ एस के उदयपुरे, डॉ सुनील कुमार दिवाकर आदि मौजूद रहे।

## सिद्धेश्वर शिवमंदिर में मनाया गया सावन महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गिन्नी कंपाउंड कॉलोनी स्थित सिद्धेश्वर शिवमंदिर में महिलाओं ने हरियाली सावन महोत्सव मनाया और शिव जी के भजन गाए ये जानकारी डॉ.मयंक तोमर द्वार दी गई डॉ. तोमर ने कहा कि श्रावण मास में महारुद्राभिषेक करने का का हिंदू धर्म में बहुत महत्व है। यह भगवान शिव को प्रसन्न करने और उनकी कृपा प्राप्त करने का एक शक्तिशाली तरीका माना जाता है रुद्राभिषेक, भगवान शिव के रुद्र रूप का अभिषेक है, जिसमें शिवलिंग पर विभिन्न पवित्र पदार्थों से अभिषेक किया जाता है और हमारी कॉलोनी में स्थानीय निवासियों के सहयोग से पिछले 30 वर्षों से प्रत्येक सोमवार को यह किया जाता है, महिलाएं हर शाम एकत्र होती हैं और भगवान शिव के भजन और स्तुतियां गाती हैं।

### अम्ब्रेला डे पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

## ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में उत्सव का माहौल, वर्षाकाल की सावधानियों के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में आज प्लेग्रुप और नर्सरी कक्षा के बच्चों ने अम्ब्रेला डे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी तथा निदेशक जूही चटर्जी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों को अम्ब्रेला डे क्यों मनाया जाता है? इस विषय पर संक्षिप्त जानकारी देकर की गई। बच्चों को बारिश से बचने के लिए छठे और रेनकोट के उपयोग, उनके महत्व और वर्षा ऋतु में सुरक्षा के लिए उनकी भूमिका के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया।

इसके पश्चात नर्सरी कक्षा के बच्चों ने मिलकर सुंदर गीत बारिश



आई बारिश आईऱ पर प्रस्तुति दी, जिसने सभी का मन मोह लिया। बच्चों के उत्साह को और भी प्रोत्साहित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी ने प्रेरणादायक भाषण दिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने बच्चों को अम्ब्रेला प्रयोग के समय क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए – इन बातों को अत्यंत सरल और रोचक ढंग से समझाया। साथ ही बच्चों को सतर्क रहने और स्वच्छता बनाए रखने का भी संदेश दिया। बाद में प्ले ग्रुप और नर्सरी के बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में समूह नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी, जिसने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में एडमिन ऑफिसर विनिता जसलानी तथा शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। संचालन सुश्री खुशी पटेल द्वारा किया गया। अंत में सुश्री खुशी पटेल ने सभी गणमान्य अतिथियों, शिक्षकगणों, एवं बच्चों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

पूरे कार्यक्रम के सफल आयोजन की कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती नेहा राठौर एवं श्रीमती रूचि राजपूत रहीं। अम्ब्रेला डे का यह अनूठा आयोजन बच्चों के लिए न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि उन्हें वर्षा ऋतु से जुड़ी सावधानियों और उपयोगी वस्तुओं की जानकारी भी प्राप्त हुई।

## बच्चों की स्वास्थ्य व शिक्षा पर रखें विशेष ध्यान : योगेंद्र राय



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में जिला प्रशासन द्वारा लगातार स्कूलों भवनों और आंगनवाड़ी केंद्रों के भवनों के साथ उस जगह पढ़ाई कर रहे बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है कलेक्टर सोनिया मीना एवं मुख्य जिला पंचायत अधिकारी सौजान सिंह रावत के मार्गदर्शन में जिले के विभागों के अधिकारियों द्वारा विकासखंड अनुसार स्कूलों और आंगनवाड़ी की मॉनिटरिंग की जा रही है इसी तारतम्य में आज दिनाँक को जिला पंचायत परियोजना अधिकारी योगेन्द्र राय द्वारा नर्मदापुरम के आंगनवाड़ी क्रमांक 6 ओर स्कूल का निरीक्षण किया गया आंगनवाड़ी में कार्यकर्ताओं से बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर चर्चा की साथ ही प्राथमिक मेनबोर्ड स्कूल में शिक्षिकाओं से बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य,भोजन, ड्रेस,को लेकर की गई चर्चा एवं बच्चों की स्कूलों में संख्या बढ़ाने को लेकर भी चर्चा की गई स्कूल में बच्चों से भी हुए।

### विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण रूप से समय पर पूर्ण कराएं, जिम्मेदारों की लापरवाही पर बर्दाश्त नहीं

# जनसामान्य को शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ मिलने में परेशानी नहीं हो : प्रभारी मंत्री पटेल



प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने भैंसदेही में की विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जनसामान्य को शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ मिलने में परेशानी न हो। सभी विभागीय अधिकारी अपनी योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों को और विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण रूप से समय पर पूर्ण कराएं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति से नियमित रूप से अवगत कराएं। साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई जाने वाली समस्याओं और मुद्दों का पूरी गंभीरता और तत्परता से समाधान किया जाएं। यह निर्देश लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने शुक्रवार को जिले के भैंसदेही जनपद कार्यालय में आयोजित विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। विधानसभा स्तरीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के क्रम में शुक्रवार को प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने भैंसदेही विधानसभा अंतर्गत भैंसदेही, भीमपुर और आठनेर ब्लॉक में योजनाओं और विकास कार्यों की विभागवार प्रगति की समीक्षा की। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों के मुद्दों की जानकारी भी ली। बैठक में विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, जनपद अध्यक्ष भैंसदेही, राजा ठाकुर, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन सहित सभी जिला अधिकारी, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहें।

#### पटवारी अपने इलाकों पर रहें उपलब्ध

राजस्व विभाग की समीक्षा कर प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने सीमांकन और नक्शा दुरुस्ती के लंबित प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी पटवारी अपने इलाकों पर निर्धारित दिवसों पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें और इनकी लोकेशन के माध्यम से मॉनिटरिंग भी की जाएं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा कर प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने पीएम आवास के शेष लक्ष्य को भी शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश तीनों जनपदों के जनपद सीईओ को दिए। उन्होंने कुकरु में आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाने के भी निर्देश दिए। विभागीय योजनाओं में अपेक्षाकृत कम प्रगति पर जनपद सीईओ भीमपुर को विशेष ध्यान के लिए निर्देशित किया।

#### पीएम आवास से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित करें

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग अंतर्गत स्वनिधि से समृद्धि अभियान, अमृत 2.0, पीएम आवास योजना शहरी इत्यादि योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पीएम आवास से वंचित हितग्राहियों को धारणाधिकार योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में भैंसदेही को 5 कॉलोनियों में मूलभूत विकास नहीं होने की समस्या पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी भैंसदेही को इन कालोनियों के नियमितीकरण संबंधी कार्यवाही कर विकास किए जाने के निर्देश दिए।

#### आंगनबाड़ियों की मरम्मत के दिए निर्देश

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा कर निर्देशित किया कि स्वास्थ्य मूलक समस्त योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कराएं। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए टीबी मरीजों को निशुल्क इलाज उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि पीपीपी मॉडल पर बैतूल जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के भी प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने झल्लार में चिकित्सकों को कमी की समस्या पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को चिकित्सकों का युक्तियुक्तकरण कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिकलसेल एनीमिया के प्रति स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और महिला बाल विकास विभाग को जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। जर्जर आंगनवाड़ी भवनों संबंधी समस्या पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी को इन आंगनवाडियों के मरम्मत कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्वीकृत आंगनवाड्यों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

#### गुणवत्ता विहीन कार्य करने वाले ठेकेदार पर करें कार्यवाही

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान झल्लार के बमहनवाडा में नल जल योजना का गुणवत्ताविहीन काम की शिकायत पर उन्होंने कार्यपालन यंत्री पीएचई को जांच कर ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत नल जल योजनाओं के काम गुणवत्तापूर्ण हो। उन्होंने पी एच ई और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को कहा कि नल जल योजनाओं और डेम निर्माण कार्यों में लापरवाही न हो।

#### विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं का त्वरित करें निराकरण

कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की समीक्षा कर मृदा स्वास्थ्य मिशन का व्यापक प्रचार प्रसार करने और मृदा स्वास्थ्य कार्ड का स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वितरण कराने के निर्देश दिए। उद्यानिकी विभाग को उद्यानिकी फसलों के उत्पादन संबंधी कार्यों से स्व सहायता समूह की महिलाओं को जोडऩे के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने महाप्रबंधक एमपीईबी को नवीन उपकेंद्रों के निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण करने और विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्या का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोक सेवा केंद्रों का प्रभावी ढंग से संचालन किया जाएं। लोक सेवा के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक नहीं लिया जाएं और केंद्र के कर्मचारी आमजन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। निर्धारित राशि से अधिक लेने वाले लोक सेवा केंद्रों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएं। बैठक में प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने खनिज, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, पशुपालन, मत्स्य पालन इत्यादि विभागों की विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर 100 फीसदी उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए।

## नवजात शिशुओं की माताओं को छुट्टी से पहले मिला जन्म प्रमाण पत्र

### प्रभारी मंत्री ने भैंसदेही अस्पताल पहुंचकर माताओं को दिया संतान का पहला दस्तावेज



**बैतूल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंशानुरूप जिले में नवजात शिशुओं का जन्म प्रमाण पत्र उनकी माताओं को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने जनपद भैंसदेही के शासकीय अस्पताल पहुंचकर तीन माताओं को उनके नवजात शिशु का जन्म प्रमाण पत्र सौंपा। शासन की मंशा के अनुरूप माता श्रीमती फूलवंती, श्रीमती रितु वाड़िवा, श्रीमती गंगा को छुट्टी से पूर्व ही उनके बच्चे का पहला कानूनी दस्तावेज सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज हुरमाड़े तथा स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ मौजूद रहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हुरमाड़े ने प्रभारी मंत्री श्री पटेल को आयुष्मान योजना, टीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम इत्यादि स्वास्थ्य मूलक योजनाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी भी दी।

## आरपीएफ जवान ने बचाई एक बुजुर्ग यात्री की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

चलती ट्रेन पकड़ने के प्रयास में नीचे गिर गए एक बुजुर्ग यात्री की स्टेशन पर तैनात प्रधान आरक्षक ने तत्परता दिखाते हुए यात्री को तुरंत ऊपर खींचकर जान बचाई। इस दौरान प्रधान आरक्षक भी यात्री को बचाने के प्रयास में नीचे गिर गया था। आरपीएफ बैतूल थाना प्रभारी राजेश बनकर ने आज जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार शाम को स्टेशन पर ट्रेन नंबर 12804 हजरत निजामुद्दीन विशाखापट्टनम एक्सप्रेस अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना हो रही थी। यहां ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक सत्यप्रकाश राजुरकर ने यात्रियों को सजग करने के लिए सिटी बजाकर टॉर्च जलाई। इसी दौरान एक बुजुर्ग यात्री चलती ट्रेन का हैंडल पकड़ने के प्रयास में नीचे गिरने पर प्रधान आरक्षक सत्यप्रकाश राजूरकर ने तत्परता के साथ सूझबूझ का परिचय देते हुए यात्री को तुरंत खींचकर गिरकर उसकी जान बचाई। इस दौरान प्रधान आरक्षक भी असंतुलन बिगड़ जाने से गिर गया था। यात्री को आरपीएफ ऑफिस में लाकर पूछताछ करने पर यात्री ने अपना नाम राकेश कुमार पिता कोमलचंद जैन (66) निवासी दयाराम उस्ताद अखाड़ा, 140 तेलीपुरा मस्कासाथ नागपुर महाराष्ट्र बताया। यात्री का आरक्षण स्लीपर कोच एस 5 में बर्थ नंबर 17 पर था। यात्री ने बताया कि वह भोपाल से नागपुर की यात्रा कर रहा था। ट्रेन बैतूल स्टेशन पर समय से 10 मिनट पहले पहुंच जाने से वह ट्रेन से उतरकर बाहर बैठकर मोबाइल में कोई मैसेज आने पर उसे देखने लगा। उसे पता ही नही चला कि ट्रेन कब धीरे धीरे स्टेशन छोडऩे लगी थी। उसने दौडक़र ट्रेन पकडऩे का प्रयास किया,लेकिन उसका हाथ छूट जाने से वह नीचे गिर गया। इसी बीच आरपीएफ के प्रधान आरक्षक सत्यप्रकाश राजुरकर ने तत्काल सहायता के लिए आकर पकडक़र ऊपर खींचकर उसकी जान बचाई। यात्री ने गिरने से कोई चोट नहीं लगने की जानकारी दी।आरपीएफ थाना प्रभारी राजेश बनकर ने बताया कि आरपीएफ का उद्देश्य ही है कि रेलवे की सुरक्षा के साथ साथ यात्रियों की जानमाल की रक्षा करना और आरपीएफ इस मामले में सजग और सतर्क है।

## भामसं ने श्रमिक हित में भरी हुंकार श्रमिक हितों में मंच से लिए कई निर्णय

### धरना प्रदर्शन 7 दिन के लिए स्थगित, अब होगा उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारणी




सतपुड़ा प्लांट के 7 नंबर गेट पर भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ एवं भारतीय मजदूर संघ द्वारा दो दिवसीय धरना प्रदर्शन को आज सर्व सहमति से 7 दिनों के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया गया कि अगर प्लांट प्रबंधन द्वारा ठेका श्रमिकों की सभी जायज मांगों का निराकरण सात दिनों के भीतर नहीं हुआ तो फिर से सर्व सहमति के साथ एक जुट होकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के दूसरे दिन प्रदर्शन स्थल पर भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं ठेका श्रमिक संघ के प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर, बी एम एस के विभाग प्रमुख विनय डोंगरे, बी एम एस जिला मंत्री पंजाब राव गायकवाड, बीएमएस के ब्लॉक अध्यक्ष संजय ठाकुर, कमल जैन प्रदेश प्रभारी कर्मचारी उत्पादक संघ विद्युत मंडल, के अलावा बीएमएस के वरिष्ठ सदस्य विजय पडलक एवं वरिष्ठ पदाधिकारी निराकार सागर एवं कामदेव सोनी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इनके द्वारा अपने उद्बोधनों में स्पष्ट रूप से कह दिया गया कि सतपुड़ा प्लांट के ठेका श्रमिकों हितों की लड़ाई अब भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ एवं भारतीय मजदूर संघ लड़ रहा है और अब इस विषय में कोई संदेह नहीं की इस लड़ाई में जीत श्रमिकों के हित में ही होगी। थोड़ा सा वक्त लग सकता है, परंतु श्रमिक हित में जीत अब निश्चित है और सतपुड़ा प्लांट में श्रमिकों के शोषण का समापन भी निश्चित है। प्रदर्शन के दौरान मुख्य मार्ग पर सडक़ जाम की भी स्थिति बन गई थी जिस पर पुलिस विभाग के तत्परता दिखाकर ठेका श्रमिकों को इधर-उधर कर मार्ग को सुचारू रखा। प्रदर्शन के दौरान सतपुड़ा प्लांट के सीएचपी में कार्यरत हाउस कीपिंग के ठेका श्रमिकों की संख्या ज्यादा रही और उन्होंने सभी पदाधिकारी को खुले मंच पर बताया कि हमें पूरे माह काम करा कर मासिक वेतन 7500 के आसपास दिया जाता है और कम वेतनमान पर जब हम लोकनाथ कंपनी के अधिकारियों से चर्चा करते हैं तो हमें काम से निकालने की धमकी दी जाती है। प्लांट में कार्यरत ऑपरेटर, वेल्डर, रिगर, डोजर ऑपरेटर सभी ने अपनी बात बताई की हमसे कितना ज्यादा काम कर कर कंपनी हमें कितना कम वेतनमान दे रही है। श्रमिकों से चर्चा कर भारतीय मजदूर संघ एवं भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ के पदाधिकारियों ने मुख्य अभियंता कार्यालय में भी बैठक की।

## ट्रेंचिंग ग्राउंड को अपग्रेड करने

## सामन्य सम्मेलन में फैसला यथावत रहेगा संपत्ति कर, टैक्स में कोई नई बढ़ोतरी नहीं



**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारणी में शुक्रवार को परिषद के सामान्य सम्मेलन का आयोजन सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे से किया गया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कर निर्धारण पर चर्चा के दौरान परिषद ने आम नागरिकों के टैक्स में कोई बढ़ोतरी नहीं करने का निर्णय लिया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ट्रेंचिंग ग्राउंड को अपग्रेड करने सेग्रीगेशन मशीन लगाने पर भी चर्चा हुई।

नगर पालिका सभाकक्ष में शुक्रवार 18 जुलाई 2025 को दोपहर 1 बजे से बैठक प्रारंभ हुई। अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, नेता प्रतिपक्ष आनंद पिंटिश नागले, प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी के. के. भावसार की उपस्थिति में सम्मेलन हुआ। बैठक में नपा के भवनों, संपत्तियों पर सुरक्षा हेतु गार्ड-गनमैन रखने, आउटसोर्स पर कर्मचारियों की सेवाएं लेने स्वीकृति दी गई। नगर पालिका क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले ठोस अपशिष्ट को परिवहन करने के लिए दरों को मंजूर किया गया।

#### श्रावण मास के पावन पर्व पर निकलेगी कांवड़ यात्रा

**आमला।** 19 जुलाई को भव्य कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। श्रावण मास के पावन पर्व पर माँ ताप्ती से जल लेकर छोटा महादेव भोपाली जाएंगे। कावड़ यात्रा के आयोजक हरीश निरापुरे ने बताया कि कावड़ यात्रा माँ ताप्ती के उद्गम स्थल से शुरू की जाएगी। कावड़ यात्रा का मार्ग पंखा बेकुण्ड, बोडखी, आमला से माँ रेणुका धाम छावल से होते हुए छोटा महादेव भोपाली पहुंचेगी। जहां भगवान भोलेनाथ को जल अभिषेक कर पूजा अर्चना की जाएगी। कावड़ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को मार्ग में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। समस्त लोग कावड़ यात्रा को भव्य बनाएं।

## वैश्य महासम्मेलन एवं आजीवन सदस्यों का सम्मेलन 27 को

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत का होगा अभिनंदन एवं सम्मान



**बैतूल।** वैश्य महासम्मेलन इकाई बैतूल के तत्वावधान में आगामी 27 जुलाई को शाहपुर में जिला कार्यकारिणी की बैठक एवं आजीवन सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला इकाई बैतूल की ओर से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का अभिनंदन एवं सम्मान करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है।

वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल के नेतृत्व में पदाधिकारीगण एवं वैश्य बंधु उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें निमंत्रण पत्र दिया गया। माननीय हेमंत खंडेलवाल ने सहर्ष स्वीकार कर कार्यक्रम में आने की सहमति प्रदान की है। उक्त कार्यक्रम में उमाशंकर गुप्ता, संरक्षक, सुधीर अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष, वैश्य महासम्मेलन म.प्र. विशेष रूप से मार्गदर्शन देने हेतु उपस्थित रहेगें। इसमें पूर्व प्रदेश कार्यकारणी सदस्य बिरदीचंद पगारिया, जिलाध्यक्ष अखिलेश गोठी, महामंत्री हेमंत पगारिया आदि मौजूद थे।

### अंचल में इस वर्ष वर्षाऋतु के आरंभ से अब तक किया

## दक्षिण वनमंडल ने रोपे 7.25 लाख पौधे



**बैतूल।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में दक्षिण वनमंडल ने इस वर्ष वर्षा ऋतु की शुरुआत के साथ ही एक प्रभावी पहल की है। डीएफओ विजयानन्तम टी.आर. के मार्गदर्शन में दक्षिण बैतूल वनमंडल अंतर्गत समस्त परिक्षेत्रों में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान में स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक, आम नागरिक, वन समिति सदस्य, जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि उत्साहपूर्वक शामिल हो रहे हैं। 18 जुलाई 2025 तक वनमंडल अंतर्गत कुल 7,25,306 पौधे रोपित किए जा चुके हैं। यह जानकारी भारत सरकार के मेरी लाइफ वेब पोर्टल पर भी दर्ज की गई है। इसी क्रम में 18 जुलाई को प्रभारी मंत्री, नरेन्द्र शिवाजी पटेल, राज्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन एवं महेन्द्र सिंह चौहान, विधायक, भैंसदेही द्वारा ईको टूरिज्म केंद्र, कुकरू के प्रवास के दौरान परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत पौधारोपण किया। इस अवसर पर उपवनमंडलाधिकारी भैंसदेही देवानंद पाण्डेय, परिक्षेत्र अधिकारी भैंसदेही जीएस नरगेश, वन कर्मचारी एवं अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वनमंडल अंतर्गत 42 विद्यालयों में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं, अध्यापकों और वन कर्मचारियों द्वारा मिश्रित प्रजातियों के 4665 पौधे रोपे जा चुके हैं। इन पौधों में आम, सीताफल, आंवला, पीपल, करंज और अनार जैसे फलदार व औषधीय प्रजातियां हैं। मप्र सरकार ने इस अभियान में वन कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु वायुदूत एप पर पौधारोपण की फोटो अपलोड करने का लक्ष्य भी तय किया है। इस दिशा में वनमंडल के कर्मचारियों द्वारा कुल 1546 पौधे रोपित कर 956 फोटो वायुदूत एप पर अपलोड किए जा चुके हैं।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल के नगरागमन पर किया स्वागत

# क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कांधे पर उठाई कावड़, विकास के लिए ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पवित्र नगरी मुलताई में प्रथम आगमन पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का भाजपा कार्यकर्ता एवं नगर वासियों ने भव्य स्वागत किया। सर्व मंगल कावड़ यात्रा में भाग लेने मुलताई पहुंचे हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि ताप्ती तट से निकलने वाली सर्व मंगल कावड़ यात्रा में वह प्रतिवर्ष आते रहे हैं, इसलिए इस वर्ष भी आए हैं। यह कावड़ यात्रा के प्रतिफल में क्षेत्र की सुख समृद्धि और खुशहाली आएगी। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर हेमंत खंडेलवाल का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। उनके साथ केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डीडी उईके, मोहन नागर, विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला भाजपा अध्यक्ष सुधाकर पवार भी उपस्थित थे। खंडेलवाल के स्वागत का सिलसिला परमंडल जोड़ से प्रारंभ हो गया था। इसके बाद ताप्ती तट पहुंचने तक एक दर्जन से भी अधिक स्थानों पर उनका कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया और हेमंत खंडेलवाल भी गाड़ी से उतरकर प्रत्येक कार्यकर्ता से मिलते दिखाई दिए। इसके बाद हेमंत खंडेलवाल ताप्ती मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने मां ताप्ती की पूजा अर्चना की। इसके उपरांत राम मंदिर से प्रारंभ हुई कावड़ यात्रा में शामिल होकर कावड़ यात्रा के साथ ताप्ती सरोवर परिक्रमा की। कंधे पर ताप्ती जल से भरी कावड़ लिए बड़ी संख्या में कांवड़िए ताप्ती तट से शिवधाम सालबर्डी के लिए रवाना हुए।

#### 21 को होगा सालबर्डी में भोलेनाथ ताप्ती जल अभिषेक

18 जुलाई ताप्ती तट से प्रारंभ हुई मां ताप्ती सर्वमंगल कावड़ यात्रा 21 जुलाई को सालबर्डी पहुंचेगी। यात्रा रायआमला होते हुए आष्टा ताप्ती मंदिर पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम किया जाएगा। कावड़ यात्रा का अगला पड़ाव 20 जुलाई को गेहूंबारसा रहेगा। यह यात्रा आष्टा से प्रारंभ होकर मासोद, पांच पांडव, इटावा होते हुए गेहूंबारसा पहुंचेगी। 21 जुलाई को चारसी में गौ पूजन पश्चात कावड़ यात्रा बोरपेड होते हुए सालबर्डी पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम के पश्चात शिवधाम सालबर्डी में भगवान भोलेनाथ का ताप्ती जल से महारुद्राभिषेक एवं महाआरती संपन्न की जाएगी।

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

बी.आर. अंबेडकर कॉलेज आफ एजुकेशन, बैतूल

B.Ed प्रवेश अतिरिक्त चरण

प्रवेश से वंचित शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें अतिरिक्त चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 15/07/2025 से 18/07/2025 तक करें। आनलाईन दस्तावेजों का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 23 जुलाई 2025 से 25 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 23 जुलाई 2025 से 26 जुलाई 2025 तक । प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड-BED823) ही लिखें। रिजल्ट-20 वर्षों से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क: श्रीमती दीपा पंवार 9302846996 | प्राचार्य डॉ. जी.डी. देशमुख 9826231552 | संचालक इंजी. ध्रुवप्रकाश अग्रवाल 9300974327 | इंजी. सर्वेश अग्रवाल 9111788845

## संक्षेप खबर

### मंडल अध्यक्ष ने लोहिया वार्ड का किया निरीक्षण

**पिपरिया।** नगर पालिका परिषदमे लोहिया वार्ड क्रमांक 4 से कौशल्याठाकुर भारतीय जनता पार्टी से पार्षद हैं। तथा उनके पति बलराम ठाकुर भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल अध्यक्ष पद पर आसीन है। उन्होंने नगर पालिका परिषदके द्वारा पार्षदों के प्रयास से अपने वार्डोंमे विभिन्न निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं जिनमें मुख्य रूप से बरसात के समयमे नाली एवं सड़क का निर्माण कार्यविधायक निधि एवं काया कल्प योजना से अनेक सड़कों का चौड़ीकरण भी किया जा रहा है वीवी गिरी वार्डों में निर्माण कार्य कराए गए हैं।तो। लोहिया वार्ड में भी बड़े नाले के ऊपर पूल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। जिसका निरीक्षण बलराम ठाकुर ने किया। सड़कों कीदेख रेख भी की।

### लायंस डिस्ट्रिक्ट अवार्ड सेरेमनी मनाई जाएगी

**पिपरिया।** लायंस क्लब के पदाधिकारी के दारा लायंस डिस्ट्रिक्ट अवार्ड सेरेमनी एक निजी गार्डन में आयोजित की जावेगी।साथ ही लायंस आफ पिपरिया का स्थापना भी आयोजित किया जाएगा। अवार्ड सेरेमनी में वर्ष 2025 24के 130से अधिक लायंस क्लब और 15 लियो के अध्यक्ष शामिल होंगे। तथा क्लब के अध्यक्ष लीयो के अध्यक्ष सचिव कषाध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ को इस वर्ष मल्टीपल 3233 चेयर पर्सन दारा सम्मानितकिया जावेगा।

---

जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने की थी ठेकेदार द्वारा लापरवाही की शिकायत

# कुछ महीनो में ही खराब हुई रेलवे स्टेशन-लोनिवि रेस्ट हाउस सड़क

सोहागपुर में रेलवे स्टेशन से लोनिवि रेस्ट हाउस तक बनाई गई डामर रोड खराब है। नागरिकों का कहना है कि ठेकेदार की मनमानी का इससे बड़ा प्रमाण और क्या होगा कि ब्लॉक के प्रशासनिक मुखिया व उप मुखिया के शासकीय आवासों के सामने ही सड़क में गड्ढे हैं।





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

नागरिकों की सूचना पर हरिभूमि ने रोड का अवलोकन किया। तो पाया कि सोहागपुर एसडीएम के शासकीय आवास के ठीक सामने एक बहुत बड़ा गहरा गड्ढा उक्त डामर रोड में बना हुआ है। वहीं समीप स्थित तहसीलदार के शासकीय बंगले के ठीक सामने छोटे बड़े 19 गड्ढे सड़क में बने हुए हैं। लेकिन दोनों शीर्ष अधिकारी सड़क निर्माण एजेंसियों एवं ठेकेदार पर कार्यवाही की कोई अनुशंसा नहीं कर पा रहे हैं। नागरिकों ने बताया कि रेलवे स्टेशन के सामने से वन विभाग कार्यालयों व वन कॉलोनी, बिजली कंपनी के शहरी व डीई कार्यालय, शासकीय कॉलेज, शासकीय अधिकारियों के बंगले तथा लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस के सामने से होती हुई सड़क स्टेट हाईवे तक पहुंची है। लगभग 600 मीटर लंबी यह सड़क निर्माण के कुछ महीनों में ही गड्ढेदार हो गई है। जिससे आवागमन न सिर्फ आमजनों के लिए बल्कि अधिकारियों के लिए भी मुश्किल हो गया है। लेकिन ठेकेदार के समक्ष सभी नतमस्तक हैं।

### दो विभागों की सड़क..!!

बताया जाता है कि यह सड़क नगर परिषद तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा मिलजुल कर बनाई गई है। सूत्रों के अनुसार मिलजुल कर की गई गड़बड़ी का परिणाम यह है कि सड़क रेलवे स्टेशन से लेकर लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस के सामने से होते हुए सड़क स्टेट हाईवे तक गई है। तथा पूरी ही सड़क में कई गड्ढे हो चुके हैं। मामले में नागरिकों की मांग है कि दोनों विभागों द्वारा कार्यादेश के तहत अनुबंधिय ठेकेदारों पर तथा तकनीकी दायित्ववानों पर घटिया सड़क बनाने के कारण कार्रवाई की जानी चाहिए।

### गिट्टी-बोल्डर बेहतर थे

उल्लेखनीय है कि निर्माण के पूर्व यह सड़क खस्ताहाल थी। तीन वर्ष पूर्व निर्माण प्रारंभ करते हुए उधेड़ी गई पुरानी सड़क के स्थान पर गिट्टी व बोल्डर पटके गए थे। लेकिन इसे पक्का नहीं बनाया गया था और नागरिक तीन वर्षों तक बहुत परेशान हुए। और अब रोड इस कदर खराब बनाई गई है की नागरिक वर्तमान रोड से गिट्टी व बोल्डर वाली रोड को ज्यादा बेहतर बता रहे हैं।

---

# मूंग तुलाई में हो रही देरी को लेकर किसानों ने लगाया जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरी हरचंद

नजदीकी ग्राम बुधवाड़ा स्थित आदिदेव हाउस में गुरुवार को मूंगतुलाई की समस्या को लेकर आक्रोशित किसानों ने किसान संघ के नेतृत्व में जाम लगाया जिससे नर्मदापुरम पिपरिया के स्टेट हाईवे का यातायात बाधित हुआ मौके पर भाजपा नेता सतपाल पलिया ने पहुंचकर जाम हुए यातायात में फंसी एंबुलेंस एवं अन्य आवश्यक वाहनो जाम से निकलवा अपने गंतव्य तक पहुंचने में मदद की।

ज्ञात हो कि विगत 7 जुलाई से किसानों की मूंग फसल शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की जा रही है परंतु शान द्वारा निर्धारित वेयरहाउसों मैं मूंग खरीदी कर रही समितियौं द्वारा मूंग तुलाई हो रही लेट लतीफी एवं कथित गड़बड़ियों से नाराज होकर क्षेत्र के किसानों ने ने माखन नगर तहसील अंतर्गत आदि देव वेयरहाउस के सामने जाम लगा दिया किसानों के जाम लगाने से लगभग 2 घंटे तक यातायात बाधित हुआ सेमरी हरचंद से भी स्थानीय पुलिस द्वाराहनों का मार्ग डायवर्ट किया गया तथा उन्हें सांगा खेड़ा रोड से मारा गांव सिरवाडं माखन नगर से नर्मदा पुरम की ओर भेजा गया।


जाम स्थल पर कृषि उपसंचालक जे आर हेडाउ डीएमओ संजय यादव वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के जिला अधिकारी वासुदेव दिवंदे , डी आर शिवम मिश्रा समेत माखन नगर तहसीलदार थानाप्रभारी माखन नगर आदि अधिकारियों ने किसानों को समझाइश देकर जाम हटवाया एवं किसानो की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया अब तीन की जगह सात कांटों मूंग की तुलाई की जावेगी मुंह में पंखा लगाना अनिवार्य नहीं है श खराब दिखने वाली मूंग में ही पंखा लगाया जाएगा जो उपज वेयरहाउसपरिसर में है शाम तक नहीं तुलने की स्थिति में सर्वेयर द्वारा उपज की जाच कर टोकन दिया जावेगा जिससे किसान की उपज तुल सके।

भाजपा नेता सतपाल पलिया ने किसने की समस्याओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा की एवं उनकी समस्याओं को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

---

# गिरने की कगार पर शास्त्री पार्क का फाउंटेन स्ट्रक्चर, हो सकती है दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



सोहागपुर में सिविल कोर्ट चौराहा स्थित शास्त्री पार्क में स्थानीय नगर परिषद का फाउंटेन स्ट्रक्चर बना है। लेकिन स्ट्रक्चर गिरने की स्थिति में है। शहरवासियों ने दुर्घटना रोकने के लिए प्रयासों की अपेक्षा सोहागपुर नप से की है।

शुक्रवार सुबह हरिभूमि संवाददाता से चर्चा में सिविल कोर्ट चौराहा के आसपास के व्यापारियों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में ही फाउंटेन एक दिशा में काफी झुक चुका है। नागरिकों के अनुसार आए दिन छोटे बच्चे फाउंटेन स्ट्रक्चर के ऊपर बैठकर मोबाइल सेल्फी लेते हैं। वहीं पार्क परिसर में ही स्थित शिवलिंग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में शिव भक्त शिव अभिषेक करने आते हैं। इस फाउंटेन स्ट्रक्चर का दिनोंदिन झुकना व गिरने की संभावना तक पहुंचना दुर्घटना का कारण बन सकता है।

नागरिकों के अनुसार यदि शीघ्र ही इस स्ट्रक्चर को दुरुस्त नहीं किया गया अथवा तोड़ा नहीं गया तो कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती है। व्यापारियों व आम नागरिकों ने सोहागपुर नगर परिषद से स्ट्रक्चर फाउंटेन स्ट्रक्चर के सुधार की अथवा इसे तोड़ने की मांग की है।

---

# प्रशासन का दिखावा खत्म, अभी भी स्टेट हाईवे पर घूम रहे मवेशी



सोहागपुर। नर्मदापुरम कमिश्नर एवं कलेक्टर ने आदेश दिए थे कि जिले में स्टेट हाईवे व अन्य मार्गों पर घूमते मवेशियों की सुरक्षार्थ उन्हें हटाया जाए। प्रशासन ने भी भरपूर दिखावा किया। सोहागपुर में ग्राम पंचायतों की गौशालाओं में गौवंश मवेशी पहुंचाने के निर्देश ग्रामीण व शहरी निकाय क्षेत्रों के कर्मचारियों को एसडीएम ने दिये। जिसके बाद तीन दिन दिखावा किया भी गया। चौथे दिन से दिखावा खत्म हो गया है तथा मवेशी पुनः स्टेट हाईवे एवं अन्य मार्गों पर घूमते देखे जा सकते हैं।

---

# सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ को नाटिका विधा से दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



विधानसभा के सभी बीएलओ का राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण की खास बात यह रही कि इसमें बीएलओ को सर्वे कार्य के बाबत जानकारी नाटकों के माध्यम से दी गई है। सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनिल जैन से प्राप्त जानकारी अनुसार सेंट पैट्रिक्स स्कूल में प्रशिक्षण 16 तथा 17 जुलाई को हुआ। निर्वाचन शाखा सोहागपुर विस से प्राप्त जानकारी अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रुटिरहित निर्वाचन नामावली बनाने के निर्देश अंतर्गत प्रशिक्षण हुआ। जिसमें ट्रेनर्स द्वारा निर्धारित तथा कलाकार बने बीएलओ ने नाटक के माध्यम से मतदाता सर्वे व मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का प्रदर्शन किया। रोचक नाटिका में सहभागी बने शासकीय कर्मियों ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सर्वे कार्य की प्रक्रियाओं का क्रमिक नाटकीय प्रदर्शन किया। जिसने प्रशिक्षण को आसान तथा रोचक बनाया। प्रशिक्षण में 314 बीएलओ शामिल हुए। जिसमें रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम अनिल जैन, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े, नायब तहसीलदार रंजीत चौहान, निर्वाचन शाखा प्रोग्रामर अमित मिश्रा, उमेश रघुवंशी, अविनाश डोंगरे की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर्स केके दुबे, आरके दुबे, सीके पालीवाल, केके पुरोहित, मुकेश दुबे, सुनील ग्रेवाल, समदर्शी सोनी, विपिन गिल्ला तथा विजेन्द्र वर्मा ने प्रशिक्षण दिया।

---

# अधिवक्ता साहू बने तैलिक महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



सामाजिक सेवा, संगठनात्मक नेतृत्व और न्याय क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके अधिवक्ता रमेश के साहू को अखिल भारतीय तैलिक महासभा (नई दिल्ली) का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके द्वारा समाज के उत्थान, शिक्षित नेतृत्व और समरसता हेतु किए गए उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए की गई है। श्री साहू पूर्व में मध्यप्रदेश तैलिक महासभा के राज्य अध्यक्ष के रूप में भी सेवा दे चुके हैं, जहां उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान की तथा युवाओं को सक्रिय रूप से जोडऩे का कार्य किया। वे विपिन जोशी स्मारक समिति के माध्यम से शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों का सम्मान करते हुए सामाजिक चेतना का विस्तार कर रहे हैं। उनकी गिनती उन अधिवक्ताओं में होती है जिन्होंने विधिक सेवा को सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ा। वे लंबे समय से न्याय, सेवा और समाज के तीनों स्तंभों को समर्पित भावना से निभा रहे हैं।मध्य प्रदेश में ऑनलाइन शॉपिंग शिक्षा, सामाजिक समरसता और संगठन निर्माण के उनके प्रयासों ने उन्हें तैलिक समाज के साथ-साथ पूरे सामाजिक क्षेत्र में एक प्रभावशाली व्यक्तित्व के रूप में प्रतिष्ठित किया है। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही तैलिक समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ गई है।

---

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने हरदा की घटना की न्यायिक जांच की मांग की

सकल समाज के साथ तहसीलदार को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर




माखन नगर राजपूत समाज एवं सकल समाज ने पुलिस प्रशासन द्वारा हरदा में राजपूत समाज के प्रतिनिधियों के साथ की गई बर्बरता एवं छात्रावास में घुसकर मारपीट करने की घटना की निंदा की है और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि घटना की न्यायिक जांच कराई जाए।

जब तक जांच पूर्ण हो हरदा के कलेक्टर एसपी को एवं संबंधित अधिकारियों को वहां से हटाया जाए घटना से राजपूत समाज सहित सकल समाज में रोष व्याप्त है समाज के लोगों का कहना है कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात कहने का अधिकार लोकतंत्र में सभी को है हरदा में जिला प्रशासन ने आम जनता के मौलिक अधिकारों का हनन किया है इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की स्थानीय इकाई के पदाधिकारी सदस्य सकल समाज के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

---

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 : इटारसी प्रदेश में टॉप फाइव में, नेशनल रैंकिंग में भी सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणाम जारी हो गये हैं। नगर पालिका इटारसी के प्रयासों को अच्छा परिणाम मिला है। इस बार इटारसी को प्रदेश में 5 वॉ स्थान मिला है, जबकि नेशनल रैंकिंग 30 आई है। इस वर्ष नगर पालिका इटारसी के प्रयासों के चलते रैंकिंग में सुधार आया है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने नगर पालिका के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए शहर के नागरिकों को स्वच्छता मामलों में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया है। बता दें कि इटारसी शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के आज घोषित हुए परिणामों में 50 हजार से 1 लाख की आबादी वाले शहरों में मध्यप्रदेश में वन स्टार रैंकिंग के साथ पांचवा स्थान मिला है। शहर ओडीएफ डबल प्लस की श्रेणी में शामिल है।

### इन कसौटियों पर कसा था

दिल्ली की सर्वे टीम ने अप्रैल माह में शहर का बारीकी से सर्वेक्षण किया था। टीम ने सार्वजनिक स्थलों की सफाई, घर-घर कचरा कलेक्शन, शौचालयों की स्थिति, आवासीय/व्यावसायिक काम्पलेक्स में स्वच्छता को परखा था। कचरा कलेक्शन के बाद जिलवानी में नगर पालिका द्वारा कचरे के सेगरीगेशन को देखा, ट्रिपल आर की स्थिति को देखा था। बाजार में डस्टबिन, पुलियाओं में जाली जैसी व्यवस्था को देखा और इसी आधार पर रैंकिंग तय की गई है।

### बेहतर सुधार

पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष सफाई व्यवस्था में बहुत अधिक सुधार आया है, यह सर्वे टीम ने देखा और उसी आधार पर रैंकिंग में भी उछाल आया है। पिछले वर्ष हमारी नेशनल रैंकिंग 3920 नगर पालिकाओं में 367 थी जो इस वर्ष 30 हो गयी। स्टेट में हम 346 नगर पालिकाओं में 177 नंबर पर थे, इस वर्ष 50 हजार से 1 लाख की जनसंख्या वाली नगर पालिकाओं में 5 वे नंबर पर हैं। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने इन परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सभी के सम्मिलित प्रयासों का परिणाम है। जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन, अधिकारियों के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने जो कार्य किया, जनता ने जो सहयोग दिया, उसी के परिणाम हमारी रैंकिंग में सुधार आया है। हमारे शहर की जनता और स्वच्छ सर्वेक्षण में मिले सभी के सहयोग पर उन्होंने टीम को धन्यवाद दिया है, साथ ही आगामी दिनों में और अधिक प्रयास कर प्रथम स्थान पर आने के लिए भरोसा जताया है।

### सम्मिलित प्रयासों का परिणाम

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने इन परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सभी के सम्मिलित प्रयासों का परिणाम है। जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन, अधिकारियों के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने जो कार्य किया, जनता ने जो सहयोग दिया, उसी के परिणाम हमारी रैंकिंग में सुधार आया है। हमारे शहर की जनता और स्वच्छ सर्वेक्षण में मिले सभी के सहयोग पर उन्होंने टीम को धन्यवाद दिया है, साथ ही आगामी दिनों में और अधिक प्रयास कर प्रथम स्थान पर आने के लिए भरोसा जताया है।

---

पिपरिया से सैंकड़ों में निकल रहे शिवभक्त

# पचमढ़ी के लिए कांवड़िए हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पिपरिया से नर्मदा जी के जलसे जटाशंकर में स्थित महादेव पचमढ़ी पर जल चढ़ाने के लिए लगभग 500से ज्यादा श्रद्धालु जल लेकर महादेव के पास मुक्ति के लिए दूसरे श्रवणसोमवार जल चढ़ाने रवाना हुए याद रहे कि प्रतिवर्ष राजोमालवीय क्योंकि सुहागपुर से अपने समर्थकों के साथ मां नर्मदा का जल लेकर पैदल निकलतीहै। जो भारतीय जनता पार्टी की पदाधिकारी है इसलिए प्रतिवर्ष मंगलवाड़ा धर्मशालामे उन कावड़ियोंको रोकने तथा भोजन की व्यवस्था की जाती है। जिसमें मुख्य भूमिका माधवदस अग्रवाल की होती है। इस बार भी यही हुआ मंगलवार धर्मशाला में कावड़ यात्रा का स्वागत सम्मान कियागया इस दौरान विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा की जिला महामंत्री ममता नगवंशी अरविंद राय ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर राजा भैया पटेल जय माता दी समिति के सदस्य संदीप शर्मा सुजीत रघुवंशी शहित सैकड़ो की संख्या में सैकड़ो की संख्या में भारतीय जनतापार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कांवड़ यात्रा का विशेष स्वागतसमान किया गया। बताया गया कि लगभग 500 कावड़ यात्राके भक्तिशामिल थे। बोल बम के जयकारेके साथ यात्रा मंगलवार श्री रवाना हुई पचमढ़ी रोड पर चिंता हरण हनुमान मंदिर रेस्ट हाउस में उनका स्वागतकियागय। उसके बाद मटकुली में सरपंच नेहा धुर्वे उप सरपंच संजय दुबे भगवान दास साहू बी सहू शाहिद भारतीय जनता पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं के दारा दोपहर के भोजनकी व्यवस्था व्यवस्था की गई।

---

### नव नियुक्त संयुक्त संचालक ने की बैठक

**सिवनी मालवा।** नगरपालिका परिषद सिवनी मालवा में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम के नव नियुक्त संयुक्त संचालक आर.एस. मण्डलोई द्वारा नगरपालिका के कार्यो का की समीक्षा की गई, जिसमें उनके द्वारा वसूली, सफाई एवं शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे संबल, पेंशन, पी.एम.स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि की समीक्षा की गई एवं समस्त शाखा प्रभारियों को उक्त योजनाओं एवं कार्यो पर प्रगति लाने के निर्देश भी दिये गये इसके साथ ही उन्होंने अध्यक्ष रितेश जैन के कार्यो एवं विकास की ओर उनकी लगन की सराहना भी की एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमर सिंह उईके के कार्यो एवं उनके सरल स्वभाव की भी सराहना की।

---

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला नर्मदा पुरम में आज दिनांक 18.07.25 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी एवं महाविद्यालय के विभिन्न संकाय के शैक्षणिक स्टॉफ तथा ऑफिस स्टॉफ और विद्यार्थियों की उपस्थितियों के साथ 50 पौधे रोपित किए।जिसमें अलग-अलग प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए है तथा पौधों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक पौधे को टी-गार्ड उपलब्ध करवाए और सभी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी ने सभी स्टॉफ एवं विद्यार्थियों से अनुरोध किया है कि वे सभी अपनी मां के प्रति अपने स्नेह, श्रद्धा और समर्पण भाव को प्रदर्शित करते हुए उनके नाम से वृक्षारोपण करें और पर्यावरण संरक्षण में अपना बहुमूल्य योगदान दे। इस अभियान में आपकी भागीदारी न सिर्फ आप सभी की माताओं के प्रति सम्मान का सूचक होगी, बल्कि हम सबकी धरती मां के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ हमें एक सुरक्षित भविष्य भी प्रदान करेगी।

## खबर संक्षेप



### शिविर में महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरुक

**हरदा।** हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वुमेन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को परियोजना हरदा ग्रामीण एक व हरदा शहरी सेक्टर 3 में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं व बालिकाओं को महिलाओं से संबंधित अत्याचारों के निवारण के लिये वन स्टॉप सेंटर के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1090, महिला हेल्पलाइन 1091 तथा महिला सशक्तिकरण के संबंध में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी अंतिमा राजोरिया उपस्थित थी उन्होंने सभी को विधिक सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### झाड़पा व भुन्नास में ई-केवायसी अपडेशन शिविर आज

**हरदा।** राशन प्राप्त कर रहे हितग्राहियों की ई-केवायसी का कार्य 15 अगस्त तक पूर्ण किया जाना है। इसी क्रम में जिले की हरदा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत में निवासरत हितग्राहियों के आधार कार्ड अपडेट कराने के लिये 18 से 21 जुलाई तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। संयुक्त कलेक्टर श्री सतीश राय ने बताया कि 19 जुलाई को सिंगोन, मगरधा, झाड़पा व भुन्नास में शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार 21 जुलाई को बेसवा उबारी तथा बेड़ी में आधार अपडेशन शिविर आयोजित किये जायेंगे।

### नवोदय की कक्षा 6 में प्रवेश के लिए 29 तक करें आवेदन

**हरदा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चारूवा की कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिये निःशुल्क पंजीयन प्रारम्भ हो चुके है। प्राचार्य पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चारूवा ने बताया कि वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली इस प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिये ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को 29 जुलाई है। उन्होने बताया कि इस परीक्षा में शामिल होने के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। आवेदक विद्यार्थी की जन्म तिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होना चाहिए। आवेदन हरदा जिले का मूल निवासी होना चाहिए तथा हरदा जिले के किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में सत्र 2025 में कक्षा 5 वीं में उत्तीर्ण किया जाना अनिवार्य है। उन्होने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की सुविधा का लाभ प्राप्त करने के लिये विद्यार्थी को 3री, 4थी और 5 वीं ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालय से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 31 से पूर्व कराएं बीमा

**हरदा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025 में अधिसूचित फसलों का फसल बीमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उपसंचालक किसान कल्याण जे एल कास्दे ने बताया कि फसल बीमा के तहत सोयाबीन फसल के लिए 766.6 रुपए प्रति हेक्टेयर, मक्का फसल के लिए 693 रुपए प्रति हेक्टेयर एवं असिंचित धान के लिए 651 रुपए प्रति हेक्टयर प्रीमियम राशि निर्धारित की गई है। उपसंचालक कास्दे ने किसान भाईयों से अपील की है कि, खरीफ वर्ष 2025 में अधिसूचित फसलों का फसल बीमा अंतिम तिथि के पूर्व करा लेवे। उन्होंने अऋणी व कालातीत (एन.पी.ए.) कृषक भाईयो से अनुरोध किया है कि वे कॉमन सर्विस सेन्टर अथवा बैंक के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज ऋणपुस्तिका, बैंक पासबुक, आधारकार्ड तथा बटाईदार किसन आवश्यक दस्तावेज खोटनामा, ऋणपुस्तिका, बैंक पासबुक, आधारकार्ड एवं कृषि भूमि स्वामी का आधारकार्ड ले जाकर फसल बीमा करवा सकते है।

### हरदा, सिराली, खिरकिया, टिमरनी, रहटगांव और हंडिया आज रहेंगे बंद

# पुलिस लाठीचार्ज की न्यायिक जांच व दोषियों के स्थानांतरण की मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

हरदा में महाराणा प्रताप कॉलोनी सहित अन्य स्थानों पर राजपूत समाज के लोगों पर हुए कथित पुलिस लाठीचार्ज को लेकर समाज में गहरा आक्रोश है। इसी के विरोध में शुक्रवार को राजपूत समाज ने एसडीएम अशोक कुमार डहेरिया को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। साथ ही निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग की है और दोषी प्रशासनिक अधिकारियों के तत्काल स्थानांतरण की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि 12 जुलाई को हरदा पुलिस ने बिना ठोस जांच के कुछ युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जब पीड़ित पक्ष ने इस पर जानकारी लेने सिटी थाने में संपर्क किया, तो उनके साथ बर्बर लाठीचार्ज किया गया। करणी सेना जिला प्रमुख सुनील सिंह राजपूत सहित अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। शांतिपूर्ण धरना दे रहे लोगों पर 13 जुलाई की रात खंडवा बायपास पर पुलिस द्वारा अचानक वाटर कैनन, आंसू गैस और लाठीचार्ज किया गया। राजपूत समाज का दावा है कि प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण था और एसडीओपी अर्चना शर्मा ने खुद माना था कि कोई व्यवधान नहीं हो रहा।

#### छात्रावास में घुसकर की मारपीट महिला और बच्ची भी घायल

मांगलिक भवन और राजपूत छात्रावास में अंतिम संस्कार के बाद एकत्रित समाजजनों के साथ भी पुलिस ने बलपूर्वक कार्रवाई की। छात्रावास के दरवाजे तोड़कर करीब 100 पुलिसकर्मियों ने अंदर बैठे लोगों पर लाठियां बरसाईं। वहीं परिसर में रह रही महिला और एक बच्ची के साथ भी दुर्व्यवहार की बात सामने आई है, जिसमें बच्ची को गंभीर चोट आई है। कई घायलों में एक का इलाज इंदौर में चल रहा है।

#### एकतरफा कार्रवाई के आरोप प्रशासन पर पक्षपात का आरोप

राजपूत समाज ने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा उनके पदाधिकारियों के खिलाफ झूठे और एकतरफा प्रकरण दर्ज किए गए हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि सभी मामलों की न्यायिक जांच हो तथा कलेक्टर, एसपी, एसडीओपी और एसडीएम जैसे जिम्मेदार अधिकारियों को निष्पक्ष जांच के लिए तत्काल हटाया जाए। राजपूत समाज ने आज शनिवार को हरदा जिला बंद का ऐलान किया है। समाज के पदाधिकारियों ने सभी सामाजिक संगठनों और नागरिकों से शांति एवं संयम के साथ समर्थन की अपील की है।

### लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों को बर्खास्त करने की मांग को लेकर आज निकलेगा राजपूत समाज



**हरदा।** करणी सेना पर और राजपूत छात्रावास में लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों को बर्खास्त करने की मांग को लेकर राजपूत समाज द्वारा आज जिला बंद का आह्वान किया है। समाज की की ओर से प्रमुख मांग है कि छात्रावास में लाठीचार्ज करने वाले सभी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त किया जाए। राजपूत परिषद ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को आगे और व्यापक किया जाएगा। मालूम हो कि हरदा जिला मुख्यालय पर 12 और 13 जुलाई को करणी सेना के प्रदर्शन पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। परिषद के संभागीय सचिव अजबसिंह राजपूत ने मीडिया को बताया कि 13 जुलाई को राजपूत छात्रावास में घुसकर युवाओं की बेरहमी से पिटाई की थी। इसी को लेकर जिला बंद का आह्वान किया गया है। इस दौरान आज दोपहर 1 बजे महाराणा प्रताप चौक से न्याय रैली निकाली जाएगी। यह रैली शहर के प्रमुख चौराहों से होते हुए घंटाघर चौक पहुंचेगी। यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली वापस महाराणा प्रताप चौक लौटेगी। रैली शांतिपूर्ण रहेगी।

### करणी सेना के समर्थन में आंदोलन

## हरदा घटना के विरोध में प्रदर्शन सर्व समाज ने जताया आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

हरदा में हुए विवाद और पुलिस कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को खंडवा में सर्व समाज सड़कों पर उतर आया। करणी सेना के समर्थन में राजपूत समाज, कुनबी पटेल समाज, सर्व ब्राह्मण समाज, गुर्जर समाज और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मिलकर प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में लोग स्थानीय स्टेडियम पर एकत्र हुए और वहां से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने हरदा पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घटना की कड़ी निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि हरदा में शांतिपूर्ण और संविधान सम्मत आंदोलन पर पुलिस ने बर्बरता से लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछारें कीं। इसके अलावा, कई निर्दोष लोगों पर झूठे प्रकरण दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया। समाज का कहना है कि यह लोकतंत्र और संविधान पर सीधा हमला है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि छात्रावास में पुलिस ने छात्राओं को जबरन निकाला और धर्मशाला में तोड़फोड़ की गई। एक अन्य वक्ता ने कहा कि एसपी की सफाई के बाद नेता पुत्र द्वारा राजनारायणसिंह पर की गई टिप्पणी समाज के अपमान की तरह है।

#### न्यायिक जांच की मांग की

प्रदर्शन में शामिल वक्ताओं ने कहा कि हरदा की घटना जलियांवाला बाग की याद दिलाती है। यदि शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर लाठियां चलेंगी तो अच्छे दिन कैसे आएंगे। नेता प्रतिपक्ष ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी राज में जनता को न्याय के लिए आंदोलन का अधिकार भी नहीं मिल रहा है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की न्यायिक जांच, जिम्मेदार अधिकारियों को पद से हटाने, निर्दोषों पर दर्ज प्रकरणों को निरस्त करने और छात्रावासों में दोबारा ऐसी घटना न हो, इसकी गारंटी की मांग की। साथ ही, संविधान के तहत मिले शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार की रक्षा करने की भी मांग की गई।

### चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना दें

## बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम व जागरुक करने चलाया गया विशेष अभियान




**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में जिले में बाल भिक्षा वृति की रोकथाम एवं जागरुकता के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विशेष जागरुकता अभियान प्रारंभ किया गया। प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सीमा जैन ने बताया कि अभियान के तहत दिन शुक्रवार को हरदा शहर के बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन, हरदुल बाबा मन्दिर चौराहा एवं अन्य मुख्य स्थानों पर जागरुकता अभियान चलाया गया। साथ ही विकासखण्ड स्तर पर भी जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों से अपील की गई कि बच्चों को भिक्षा नहीं शिक्षा दें। इस दौरान बताया गया कि किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 की धारा 76 के तहत बच्चों का भिक्षा के लिए प्रयोग करने पर या बच्चे से भिक्षावृति कराने पर 5 वर्ष का कारावास व 1 लाख रुपये के दण्ड का प्रावधान है। इस दौरान उपस्थित लोगों से अपिल की गई की कोई बच्चा भिक्षावृति करता पाया गया या कराते पाया जाता है तो चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन नं 1098 पर भी सूचना दें।

### फसल हुई डेढ़ माह की लेकिन किसानों को नहीं मिल रहा यूरिया खाद

## एडीएम के निर्देश, आज सुबह से किसानों को मिलेगा खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




जिले में खरीफ सीजन की मक्का फसल के लिए किसानों को समय पर यूरिया नहीं मिल पा रहा है। किसान सुबह 4 बजे से लाइन में लग रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

शुक्रवार को भी एमपी एग्रो और विपणन संघ के गोदामों पर खाद नहीं मिलने से नाराज किसान कलेक्टर कार्यालय पहुंच गए। किसानों का कहना है कि मक्का बोए एक महीना हो चुका है, लेकिन समय पर यूरिया नहीं मिलने से फसल पीली पड़ने लगी है। इससे उत्पादन पर असर पड़ रहा है। इस साल मक्का का रकबा बढ़ाया गया है, लेकिन यूरिया की आपूर्ति मांग के मुकाबले बेहद कम है। गोदाम पर पहुंची खाद, लेकिन वितरण टला शुक्रवार को किसान जब खाद लेने पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि खाद अभी गोदाम पहुंचा है और पोर्टल पर एंट्री के बाद सोमवार से वितरण होगा। इस जानकारी से किसानों में आक्रोश फैल गया। करीब 100 किसान कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।

एडीएम ने दिए शनिवार से वितरण के निर्देश किसानों की शिकायत पर एडीएम सतीश राय ने डबल लॉक गोदामों से शनिवार को ही खाद वितरण शुरू करने के निर्देश दिए। इसके बाद खाद मिलने की संभावना बढ़ी है। पांच बार आकर भी नहीं मिली खाद किसान सतीश विश्नोई ने बताया कि वह तीन बार लाइन में लगे लेकिन हर बार नंबर आने तक खाद खत्म हो गई। ग्राम दुधकच्छ की रूकमणि बाई ने कहा कि उन्हें 10 बोरी यूरिया की जरूरत है, लेकिन पांच बार आने के बाद भी खाद नहीं मिली। 24600 टन की मांग, अब तक 17600 टन ही पहुंची विपणन संघ के अनुसार, जिले में कुल 24600 मैट्रिक टन यूरिया की मांग है, लेकिन अब तक केवल 17600 टन ही प्राप्त हो सकी है। विपणन संघ गोदाम में 3000 बोरी और एमपी एग्रो में 2000 बोरी यूरिया का वितरण सोमवार से पोर्टल पर एंट्री के बाद किया जाएगा।

#### इनका कहना है

किसान आए थे उन्हे समझाया गया है। आज शनिवार से किसानों को गोदाम से खाद वितरण शुरू किया जाएगा।

**सतीश राय,** एडीएम

## वन अधिकार अधिनियम के तहत वन मित्र पार्टल का प्रशिक्षण संपन्न



**हरदा।** वन अधिकार अधिनियम के तहत वन मित्र पोर्टल पर ग्राम पंचायत स्तर पर लंबित नवीन दावों के समय सीमा में निराकरण कराने के लिये कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग पारूल जैन की उपस्थिति में बुधवार को जनपद पंचायत सभा कक्ष हरदा में ग्राम पंचायत सचिव, सहायक सचिव, पटवारी एवं वन रक्षकों का वनमित्र पोर्टल का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम सभा एवं ग्राम वन अधिकार समिति को वन मित्र पोर्टल पर दावों के निराकरण में आ रही समस्याओ को ध्यान में रखकर ग्राम वन अधिकार समिति गठन, दावों का भौतिक सत्यापन, मोबाईल एप के माध्यम से दावेदार की भूमि के रकबे का सर्वे एवं ग्राम वन अधिकार समिति द्वारा दावों का निराकारण के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में अनुविभागीय अधिकारी वन रवि कनोजिया, क्षेत्र संयोजक जनजातीय कार्य विभाग एस.आई. मंडराई सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिंह ने वनग्राम में टीकाकरण कार्य का निरीक्षण किया



**हरदा।** मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने शुक्रवार को टिमरनी विकासखण्ड के वनग्रामों का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होने राजाबरारी उपस्वास्थ्य केन्द्र के ग्राम मरापाढोल में आयोजित टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने टीकाकरण सत्र मे उपस्थित गर्भवती माताओं से उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं के लाभ संबंधी जानकारी ली।

डॉ. सिंह ने सभी गर्भवती माताओं को समय पर जॉच कराने एवं संस्थागत प्रसव कराने हेतु प्रेरित किया। उन्होने उपस्थित एएनएम सावित्री उईके को हाई रिस्क गर्भवती माताओं की पूर्ण जॉच करने एवं समय पर उनका प्रबंधन एवं रिफर करने के निर्देश दिये। उन्होने एनसीडी कार्यक्रम स्वस्थ यकृत मिशन, आगामी सप्ताह मे आयोजित होने वाले दस्तक अभियान की तैयारी तथा यूविन एवं अनमोल पोर्टल की समीक्षा भी की। उन्होंने सीबीएमओ डॉ.एम.के.चौरे को हितग्राहियों को सभी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये निर्देशित किया। भ्रमण के दौरान बीसीएम मुकेश बटाने उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने राजाबरारी स्टेट द्वारा संचालित चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया एवं प्रभारी डॉ.रश्मि अरोरा से ग्रामीणों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओ की जानकारी ली। उन्होनें संस्था द्वारा एनसीडी कार्यक्रम, हाईरिस्क गर्भवती माता के प्रबंधन एवं क्षय रोग से पीड़ति मरीजों के प्रबंधन मे पूर्ण सहयोग करने के लिये कहा।

### जनता ने विधायक की सराहना की

## विधायक ने संत रैदास वार्ड को दी विकास की सौगात



**खंडवा।** लोकप्रिय विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा शहर के विकास को लेकर लगातार नई पहल की जा रही है। इसी क्रम में आज संत रैदास वार्ड को कई बड़ी सौगातें दी। गौरतलब है कि विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा निरन्तर विकास की गंगा बहाई जा रही हैं इसी कड़ी में शहर के संत रैदास वार्ड में 5 लाख रुपए की लागत से रेणुका माता प्रवेश द्वार, 10 लाख की लागत से टीन शेड एवं हाई मास्क लाइट, और राजा हरिश्चंद्र मुक्तिधाम के लिए 2 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। एक ही वार्ड को इतनी बड़ी सौगातें मिलने पर स्थानीय पार्षद किरण प्रेमलाल गोयल, नरेश गोयल, किशोर नकुल, अजय नीलकंठ और संतोष कनाडे ने विधायक का आभार जताते हुए उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। वार्ड की जनता ने भी इस विकास कार्य के लिए विधायक तनवे की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने सचेत किया

## प्रसवः महिला या शिशु की मृत्यु पर होगी कार्रवाई

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में निर्देश दिए कि जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दें तथा मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए हर संभव प्रयास करें। उन्होंने बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि प्रसव के दौरान महिला या शिशु की मृत्यु के मामले को गंभीरता से लिया जाएगा तथा ऐसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार डॉक्टर्स व स्वास्थ्य कर्मियों के विरूद्ध सख्त दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रसव के मामले में हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर लगाए जाएं। इन शिविरों के स्थान व तिथि का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए, ताकि अधिकतम हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को इन शिविरों का लाभ मिल सके।



**दूरस्थ क्षेत्र के मरीजों को मिले टेली कंसलटेंसी और ई-संजीवनी सुविधा का लाभः** कलेक्टर गुप्ता ने बैठक में सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से अपने अपने क्षेत्र के शासकीय अस्पतालों में बनाये गये प्रसव केन्द्रों का निरीक्षण करें और उनमें जो भी कमी या समस्या हो, उसका निराकरण करायें। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्र के मरीजों को टेली कंसलटेंसी और ई-संजीवनी सुविधा का लाभ दिलाने के लिए भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत को निर्देश दिए। कलेक्टर गुप्ता ने बैठक में कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अस्पतालों में दोपहर पूर्व में पहले मरीजों का इलाज करें, तथा बाद में दोपहर पश्चात आवश्यक दौरे करें। कलेक्टर गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजनों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाया जाए। आयुष्मान योजना की पात्रता रखने वाले परिवारों के के कार्ड बनवाये जाएं ताकि वे बड़े प्राइवेट अस्पतालों में अपना बेहतर इलाज करा सकें।

### 22 जुलाई को सरपंच पद के लिए मतदान

**खंडवा।** जिले के छैगांवमाखन और खालवा विकासखंडों में पंचायत पदाधिकारियों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार सरपंच के रिक्त पद के लिए मतदान 22 जुलाई को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा।मतगणना 26 जुलाई को सुबह 8 बजे से संबंधित विकासखंड मुख्यालय पर की जाएगी। मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए हैं कि मतदान वाले क्षेत्रों में 22 जुलाई को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

### पार्षद पद के 28 अभ्यर्थियों की सुनवाई 24 को

**खंडवा।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2022 के पार्षद पद के 28 अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्देश दिए हैं कि इन अभ्यर्थियों की व्यक्तिगत सुनवाई आयोग के मुख्यालय में न कराते हुए जिला स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाए। सुनवाई 24 जुलाई को अपराह्न 4.30 बजे से सांय 6 बजे के बीच कलेक्ट्रेट कार्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में होगी। अपर कलेक्टर अरविंद चौहान ने बताया कि इन 28 अभ्यर्थियों के सूचना पत्र प्राप्त हुए हैं, जिन्हें आयुक्त नगर निगम के माध्यम से भेजा गया है। सभी संबंधित अभ्यर्थियों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।